अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं का विस्तार बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर दिलायेगा मजबूत स्थान : सम्राट

विदेशी पर्यटकों को होगी सुविधा, व्यवसाय को मिलेगी गति

बोधगया (आससे)। गयाजी विश्वभर के बौद्ध श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है।



बैंकाकसे सीधी हवाई सेवा शुरू होने से बिहार और थाईलैंडके बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंध मजबूत होंगे। इससे विदेशी पर्यटकों की आवाजाही आसान होगी और स्थानीय होटल, परिवहन, हस्तशिल्प तथा पर्यटन आधारित व्यवसायों को लाभ मिलेगा। उक्त बातें सोमवारको मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से गयाजी से बैंकाक के लिए इंडिगो एयरलाइंसकी पहली नान-स्टाप अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा (6ई 1083) का शुभारंभ के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में बेहतर हवाई संपर्कता की अहम भूमिका है। राज्य सरकार पटना, दरभंगा, गयाजी और पूर्णिया एयरपोर्टके माध्यम से हवाई सेवाओंके विस्तारकी दिशा में काम कर रही है।

नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संपर्कता बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सेवा के शुरू होने से बोधगया सहित पूरे मगध क्षेत्र में पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलनेकी उम्मीद है। बिहारमें अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क को विस्तार देते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वीडियो कान्फेंसिंगके माध्यम से गयाजी से बैंकाक के लिए इंडिगो एयरलाइंसकी पहली नान-स्टाप अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा (6ई 1083) का शुभारंभ किया।

सप्ताह में दो दिन मिलेगी सीधी उड़ान

गयाजी और बैंकाक के बीच इंडिगो एयरलाइंस की यह सेवा सप्ताह में दो दिन संचालित होगी। मुख्यमंत्री ने इस पहल में सहयोग के लिए एयरलाइंस का आभार जताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओंका विस्तार बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलानेके साथ विकास के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के दौरान इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आर.के. सिंह ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर स्वागत किया और गयाजी-बैंकाक मार्ग की पहली उड़ानका सांकेतिक बोर्डिंग पास प्रदान किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्रीके सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह, नागरिक उड्यन विभाग के सचिव नीलेश रामचंद्र देवरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गयाजीसे वीडियो कान्फेंसिंगके माध्यम से विधायक, जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी और इंडिगो एयरलाइंसके अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

भारतीय लेखा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बिहार के शिक्षाविदों को मिली अहम जिम्मेदारी

मगध विवि की डा. विनीता कुमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी तथा डा. धरेन कुमार पांडेय बने संयुक्त सचिव

बोधगया (आससे)। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित 48वें अखिल भारतीय लेखा सम्मेलन में बिहार के शिक्षाविदोंने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारतीय लेखा संघ की राष्ट्रीय



कार्यकारिणी में बिहार के कई शिक्षाविदों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिली हैं।

मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की शिक्षिका एवं भारतीय लेखा संघ की पटना शाखा की सचिव डा. विनीता कुमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित हुई हैं। वहीं, पटना शाखा के अध्यक्ष एवं आईआईएम संबलपुर, ओडिशा के सहायक प्राध्यापक डा. धरेन कुमार पांडेय राष्ट्रीय संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा, पटना शाखा के संयुक्त सचिव एवं दिल्ली के जानकी देवी मेमोरियल कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. वरुण कुमार राय को राष्ट्रीय कार्यकारिणीमें सहयोजित सदस्य बनाया गया है। गया कालेज के डा. पन्ना लाल को भी संघ की कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। सम्मेलनमें मगध विश्वविद्यालयके स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की डा. विनीता कुमारी और डा.श्वेता गोयल ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। देशभर से जुटे शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और लेखांकन विशेषज्ञों ने लेखांकन एवं वित्त के क्षेत्रमें नवीन शोध, समकालीन चुनौतियों और अकादमिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इस उपलब्धि पर वाणिज्य संकाय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और भारतीय लेखा संघ की पटना शाखा के सदस्यों ने सभी शिक्षाविदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण

गयाजी। निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडियापर वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग करने तथा यौन शोषणके मामलेमें गया पुलिसने बड़ी

बेगूसराय के बरौनी से आरोपित गिरफ्तार

कार्रवाई की है। पुलिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलेमें आरोपित विश्वजीत कुमार ऊर्फ बिटूको बेगूसराय जिलेके बरौनी से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पीड़िताने 21 जुलाई 2026 को महिला थानामें लिखित आवेदन देकर शिकायतकी थी कि एक युवक उसकी निजीफोटो एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार रुपये की मांग कर रहा था। रुपये नहीं देनेपर उसे धमकी देकर यौन शोषण किया गया। पीड़िता के आवेदनके आधारपर महिला थाना कांड संख्या 58/26, दिनांक 21 जुलाई 2026 को दर्ज कर पुलिस ने मामलेकी जांच शुरू की। मामले की गंभीरताको देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने महिला थानाध्यक्ष को आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। इसके बाद महिला थाना की पुलिस टीमने आसूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को बरौनी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामलेमें आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। गया पुलिसने बताया कि मामले में वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान पूरा कर आरोपपत्र समर्पित किया जाएगा। साथ ही त्वरित विचारणके माध्यम से दोषीको कड़ी सजा दिलानेका प्रयास किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विश्वजीत कुमार उर्फ बिटू, पिता अशोक सिंह, ग्राम विस्तौल, थाना कड़ौना, जिला जहानाबादके रूपमें हुई है।

जदयू जिलाध्यक्ष ने किया टाइटन जिम का उद्घाटन

गया जी। गया जी के ओम नगर, कुजापी में टाइटन जिम का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के गया जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसरपर अजय कुशवाहा ने कहा कि आज के दौर में स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं को अपने स्वास्थ्य



के प्रति जागरूक रहना चाहिए और नियमित व्यायामको अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिम जैसी सुविधाओं से युवाओंको शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और अनुशासित बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलकूद, व्यायाम और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज और विकसित बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री कुशवाहा ने टाइटन जिमके संचालक को इस नई पहल के लिए शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि यह जिम क्षेत्र के युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करेगा तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनानेमें मदद करेगा। इस अवसर पर बृज राज पाण्डेराजू वर्मा, बंटी वर्मा सौरभ कुमार अंकित कुमार युवा एवं जिम से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

ज़िला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

गयाजी। जिलाधिकारी, शशांक शुभंकर ने समाहरणालय में आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओंको सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। ज़िला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करनेके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओंका समयब समाधान जिला प्रशासनकी प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशामें गंभीरतासे कार्य करें।

विभिन्न कांडो के चार अभियुक्त गिरफ्तार

डोभी (आससे)। बहेरा थाना पुलिस द्वारा दीवा गयत में बिना चालान के बालू खनन कर परिवहन करनेके क्रम में कोठवारा बाजार से एक बालू लदे ट्रैक्टर को चालकके साथ पकड़ा गया था। वही बहेरा थाना कांड संख्या 184/26 के प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार पिता विजय मंडल सा0 हरदवन थाना बहेरा गया को माननीय न्यायालय में उपस्थापन पश्चात जेल भेज दिया गया है। वही गुप्त सूचनाके आधार पर एक कारके बीच वाले सीट के नीचे बने तहखाने एवं बैक लाइट के अंदर बने तहखाने से विभिन्न प्रकार के 252 लीटर विदेशी शराब के साथ चालक संजय भगत पिता हरि भगत सा. चुंद नवा टोली थाना कुडू जिला लोहरदगा झारखंड को पकड़ा गया है। उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय में उपस्थापन पश्चात जेल भेज दिया गया है। एक अन्य कारवाई में गुप्त सूचना पर एक टेंपो से 48 लीटर बीयर के साथ चालक को पकड़ा गया था। जिसपर बहेरा थाना कांड संख्या 183/26 दर्ज करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पिता रामस्वरूप यादव सा. कोठवारा थाना बहेरा गया को माननीय न्यायालय में उपस्थापन पश्चात जेल भेज दिया गया है। कारवाई स्थल डोभी चतरा मुख्य मार्ग एन एच 22 बहेरा थाना गेट के सामने की है। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने दी।


वोट चोरीके खिलाफ कांग्रेसका 1 को दिल्लीमें राष्ट्रव्यापी आंदोलन: मोहन मरकाम

- भारी जन समर्थनके बावजूद भी मुझे हराया गया: मोहन श्रीवास्तव
- गया जिले से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी जाएंगे दिल्ली : रजनीश

गयाजी। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कान्फेंस का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय व प्रांतीय नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व कांग्रेसके प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव और जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ऊर्फ झुन्ना ने शिरकत की।

घ्रेस वार्ताके दौरान नेताओंने कहा कि देशमें वोट चोरीके खिलाफ पूरा देश आक्रोशित है। कांग्रेस नेता मोहन मरकाम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए इसमें पूरी पारदर्शिता बरतने की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबों, मजदूरों, प्रवासियों और बुजुर्गोंके मताधिकारकी रक्षा करना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनावकी रक्षा के लिए अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका पर तीखा हमला बोलते हुए मोहन मरकाम ने सभी विवादित निर्णयों की



निष्पक्ष समीक्षा और चुनाव से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांचकी मांग उठाई। साथ ही, जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ऊर्फ झुन्ना ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की भी पुरजोर मांग की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने गया टाउन विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गया टाउन विधानसभा से पिछले बार उन्हें भारी जनसमर्थन मिला था, लेकिन वोट चोरी और एक साजिशके तहत उन्हें हराया गया। जनता का स्पष्ट समर्थन मिलने के बावजूद उन्हें हराया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की मौजूदा कार्यप्रणालीसे यह प्रतीत होता है कि जब चाहे तब वोट चोरीकर सत्ता में बने रहा जा सकता है। इस बात का खुलासा कांग्रेसके शीर्ष नेता राहुल गांधीने 15 महीने पहले ही कर दिया था, जिसके परिणाम आज धरातलपर देखने को मिल रहे हैं।

केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत, 'इंडिया' गठबंधन की ओर से एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में एक विशाल महारैली का आयोजन किया गया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ऊर्फ झुन्ना ने जानकारी दी कि गया जिले से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता 30 और 31 अक्टूबरको अलग-अलग ट्रेनों और सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में इस महारैली में शामिल होने की अपील की है। प्रेस कान्फ्रेंस में विजय कुमार मिठू, सत्येंद्र नारायण, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, मदीना खातून, और प्रदीप शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता और प्रखंड अध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विशाल प्राइवेट आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 28 से

बोधगया। गया- डोभी रोड स्थित विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया में भारत सरकार के एनसीवीटी के



दिशानिर्देशों के तहत नए सत्र 2026-2028 के लिए इलेक्ट्रिशियन ट्रेडका पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 28 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, जो 08 जनवरी तक चलेगा। गया जिला के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी सह कालेज के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ऊर्फ एपी ने इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए बताया कि सत्र 2026-2028 के इलेक्ट्रिशियन बैच में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों को कालेज परिसर में उपस्थित होकर



ही फार्म भरना होगा और अपनी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी ! उन्होंने आगे बताया कि सभी अभ्यर्थी 28 अक्टूबर से कालेज परिसर में आकर दिन में 10.30 बजे से शाम 3 बजे के बीच सरलतापूर्वक अपना नामांकन और रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, ताकि समय रहते प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके ! तमाम जानकारी कालेज की मैनेजमेंट हेड अलका कुमारी ने दी।

स्कार्पियो की टक्कर से दादी की मौत, पोता घायल, मुख्य मार्ग जाम

डोभी (आससे)। डोभी थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ के समीप पंजाब नेशनल बैंक के निकट सोमवार के शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पोता घायल हो गया। मृतका की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्रके रोदा परसा निवासी तेतर दासकी पत्नी तेतरी देवी के रूप में हुई है। घायल युवक उनका पोता सौरभ कुमार है।

जानकारी के अनुसार, तेतरी देवी अपने पोते सौरभ कुमार के साथ बाइक से अपनी बेटीके घर डोभी थाना क्षेत्र के निमिया टांड़ जा रही थीं. इसी दौरान पंजाब नेशनल बैंक के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक स्कार्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्करके कारण तेतरी देवी सड़कपर गिर पड़ीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कार्पियो गिरी हुई बुजुर्ग महिला को रौंदते हुए कुछ दूर तक खिसक गया, जिससे वे घटनास्थलपर ही दम तोड़ देती हैं.वहीं बाइक चला रहे पोते सौरभ कुमार भी घायल हो गए. हादसे के बाद स्कार्पियो चालक वाहन लेकर फरार होने में सफल रहा।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल सौरभ कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज कराया गया.। बुजुर्ग महिला के शव को पुलिसने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलते ही डोभी पुलिस घटनास्थलपर पहुंची. इस बीच डोभी-शेरधाटी मुख्य मार्ग पर लोगों की भीड़ और रुके वाहनोंके कारण लंबा जाम लग गया। आवागमन ठप होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कतके बाद पुलिसने जाम खुलवाया और मौकेपर कानून-व्यवस्था को काबू में लिया। पुलिस ने घटनाके संबंध में जांच शुरू कर दी है।.फरार स्कार्पियो चालक की तलाश में सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

चिताब प्रीमियर लीग सीजन-2 का हुआ शानदार आगाज

आमस (ससू)। आमस प्रखंड क्षेत्र के चिताब खुर्द गाँव में रविवार को चिताब प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य उद्घाटन किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन शेरघाटी नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि पवन किशोर सिंह ने फीता काटकर किया है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओंको बेहतर मंच प्रदान करना तथा युवाओं में खेल के प्रति रुचि और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर आर.जी.एन. पब्लिक स्कूलके उप निदेशक संजीव कुमार, समाजसेवी मो.अली, इमरोज़ अली, धीरज सिंह, आमस पूर्व प्रमुख अजय सिंह,आदर्श कुमार, हर्ष कुमार, शानू कुमार, विनय कुमार, सतीश कुमार, मनोज कुमार,शुभम कुमार, गोलू कुमारको भी विशिष्ट अतिथि के रूपमें आमंत्रि किया गया है।

एसजीएफआई प्रमंडल स्तरीय योगासन चैपियनशिप में डीपीएस का शानदार प्रदर्शन

24 पदकों के साथ बना सर्वश्रेष्ठ गया जिला बना चैंपियन

गयाजी। दिल्ली पब्लिक स्कूल, गया ने एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया) प्रमंडल स्तरीय योगासन चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का गौरव हासिल किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट खेल कौशलका परिचय देते हुए गया जिला द्वारा जीते गए कुल 27 में से 24 पदक अपने नाम किए। डीपीएस गया के विद्यार्थियों के शानदार खेल के कारण गया जिला एसजीएफआई प्रमंडल स्तरीय योगासन चैंपियनशिप 2026 का विजेता बना। प्रतियोगिता में डीपीएस गया के विद्यार्थियोंने विभिन्न आयु वर्गों के अंतर्गत पारंपरिक (ट्रेडिशनल), कलात्मक (आर्टिस्टिक) एवंलयबद्ध (रिदमिक) योगासन स्पर्धाओंमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण लचक, शारीरिक संतुलन, शक्ति, एकाग्रता और अनुशासन से सभी को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में



विद्यालयके विद्यार्थियोंने 16 स्वर्ण, 5 रजत एवं 3 कांस्य पदक सहित कुल 24 पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियोंको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियोंकी निरंतर मेहनत, समर्पण, दृढ़ संकल्प और सुनियोजित प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डीपीएस गया की यह उपलब्धि न केवल विद्यालयके लिए गर्व का विषय है, बल्कि विद्यार्थियोंमें योग, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और खेल-भावना को प्रोत्साहित करने की दिशामें भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

MAHARAJA LOTTERY
26.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	26
09.00	M-Two	58
09.30	M-Three	00
10.00	M-Four	92
10.30	M-Six	47
11.00	M-Eight	19
11.30	M-Nine	60
12.00	M-Ten	79
12.30	M-Eleven	92
01.00	M-Tweleve	02
01.30	M-Fourteen	70
02.00	M-Fifteen	78
02.30	M-Seventeen	13
03.00	M-Eighteen	57
03.30	M-Nineteen	18
04.00	M-Twenty	22
04.30	M-Twenty-one	04
05.00	Mahajara Twenty	28
05.30	Mahajara Twenty one	99
06.00	Mahajara Twenty	11

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :26.10.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	48
09:00	RAJARANI SUBEHA	34
09:30	RAJARANI KIRAN	40
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	63
10:30	RAJARANI PRABHAT	31
11:00	RAJARANI LAJBAB	74
11:30	RAJARANI SAMRAT	81
12:00	RAJARANI DELUX	46
12:30	RAJARANI AFTERNOON	08
01:00	RAJARANI KINGS	79
01:30	RAJARANI ROYAL	36
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	55
02:30	RAJARANI HUNDRED	78
03:00	RAJARANI DIAMOND	77
03:30	RAJARANI SONA	95
04:00	RAJARANI EXPRESS	33
04:30	RAJARANI SPECIAL	38
05:00	RAJARANI SANDHYA	88
05:30	RAJARANI CHANDANI	89
06:00	RAJARANI SHAM	69

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 26.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	32	02.30 p.m.	50
09.30 a.m.	40	03.00 p.m.	78
10.00 a.m.	81	03.30 p.m.	78
10.30 a.m.	97	04.00 p.m	16
11.00 a.m.	35	04.30 p.m.	32
11.30 a.m.	41	05.00 p.m.	07
12.00 noon	93	05.30 p.m.	79
12.30 a.m.	50	06.00 p.m.	73
01.00 p.m.	44	06.30 p.m.	48
01.30 p.m.	99	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	33	Contact for result :	

011-4045 1774, 011-4045 1775

चेतक

09.00 a.m.	80	02.30 p.m.	50
09.30 a.m.	37	03.00 p.m.	65
10.00 a.m.	02	03.30 p.m.	02
10.30 a.m.	80	04.00 p.m.	24
11.00 a.m.	82	04.30 p.m.	22
11.30 a.m.	18	05.00 p.m.	69
12.00 noon	52	05.30 p.m.	93
12.30 a.m.	49	06.00 p.m.	70
01.00 p.m.	66	06.30 p.m.	27
01.30 p.m.	46	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	83	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	89	02.30 p.m.	43
09.30 a.m.	36	03.00 p.m.	15
10.00 a.m.	71	03.30 p.m.	80
10.30 a.m.	18	04.00 p.m.	02
11.00 a.m.	28	04.30 p.m.	97
11.30 a.m.	01	05.00 p.m.	95
12.00 noon	95	05.30 p.m.	48
12.30 a.m.	69	06.00 p.m.	40
01.00 p.m.	18	06.30 p.m.	93
01.30 p.m.	53	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	99	Contact for result :	

011-4045 1993, 011-4045 1994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	07	MILLENNIUM	2.00 p.m.	62
SUBEHA	9.00 a.m.	39	100	2.30 p.m.	93
KIRAN	9.30 a.m.	40	DIAMOND	3.00 p.m.	40
HINDUSTANI	10.00 a.m.	83	SONA	3.30 p.m.	35
PRABHAT	10.30 a.m.	32	EXPRESS	4.00 p.m.	08
LAJBAB	11.00 a.m.	69	SPECIAL	4.30 p.m.	03
SAMRAT	11.30 a.m.	15	SANDHYA	5.00 p.m.	35
DELUX	12.00 noon	25	CHANDANI	5.30 p.m.	51
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	44
KING	1.00 p.m.	18	EVENING	6.30 p.m.	73
ROYAL	1.30 p.m.	61	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL NAVRATNA YANTRA

26.10.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	04	08	06	04
09:00	80	69	51	82
09:30	03	93	12	02
10:00	57	78	69	20
10:30	58	12	73	29
11:00	15	48	92	30
11:30	87	92	89	72
12:00	48	61	43	32
12:30	16	74	51	18
01:00	16	42	55	49
01:30	19	87	47	52
02:00	69	02	05	95
02:30	84	30	28	63
03:00	31	31	84	52
03:30	75	62	73	48
04:00	41	40	24	81
04:30	55	98	13	15
05:00	91	77	53	83
05:30	19	38	37	07
06:00	71	82	07	97
06:30	18	38	41	09

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA

60 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE BRACELET
70 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE RING

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124

तारीख – 26-10-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6099	7092	01:45	6052	7096
09:15	6069	7001	02:00	6076	7015
09:30	6043	7022	02:15	6042	7006
09:45	6032	7033	02:30	6062	7051
10:00	6017	7056	02:45	6098	7003
10:15	6098	7065	03:00	6081	7093
10:30	6047	7099	03:15	6085	7071
10:45	6007	7084	03:30	6057	7048
11:00	6091	7079	03:45	6048	7013
11:15	6097	7079	04:00	6022	7069
11:30	6066	7066	04:15	6059	7036
11:45	6017	7053	04:30	6060	7016
12:00	6050	7091	04:45	6065	7093
12:15	6084	7097	05:00	6051	7082
12:30	6095	7041	05:15	6078	7020
12:45	6014	7097	05:30	6031	7066
01:00	6097	7048	05:45	6053	7039
01:15	6084	7058	06:00	6094	7026
01:30	6060	7062			

WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजश्री
Date : 26.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	19	02.00 p.m.	59
09.30 a.m.	82	02.30 p.m.	90
10.00 a.m.	27	03.00 p.m.	79
10.30 a.m.	33	03.30 p.m.	87
11.00 a.m.	05	04.00 p.m.	11
11.30 a.m.	58	04.30 p.m.	62
12.00 noon	76	05.00 p.m.	34
12.30 p.m.	49	05.30 p.m.	82
01.00 p.m.	20	06.00 p.m.	88
01.30 p.m.	13	06.30 p.m.	95

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608